'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 1, अंक 58, पेज 8, मूल्य 03 रूपए | सोमवार, 13 मई, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

## ग्रेटर नोएडा व गुरुग्राम की तर्ज पर किया गया फरीदाबाद का चहुंमुखी विकासः कृष्णपाल गुर्जर

### भाजपा प्रत्याशी का बल्लभगढ़, बडखल क्षेत्र में हुआ जोरदार स्वागत, लोगों ने दिया भरपूर समर्थन

समाचार गेट/नरवीर यादव

फरीदाबाद। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अब कांग्रेसी कहते है कि हाथ हालात बदलेगा, जब बदलने के लिए जनता ने मौका दिया था, एक बार नहीं बल्कि 50 साल,तब तुमने हालात नहीं बदले, नगर निगम में, हरियाण ा में और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, फिर किसने तुम्हें काम करने से रोका था, लेकिन इनकी काम करने की नीयत नहीं थी तो लोगों ने हाथ ही बदल दिया। उन्होंने कहा कि अगर आज देश के हालात बदले है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिन्होंने अपनी विकासपरक सोच के चलते न केवल देश बल्कि हरियाणा प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है और देश–प्रदेश में किए अभूतपूर्व विकास की बदौलत जनता फिर से मोदी के विकास कार्यो पर अपने विश्वास की मोहर लगाएगी और उन्हें तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का काम करेगी। श्री गुर्जर ने रविवार को अपने चुनावी अभियान के तहत बल्लभगढ़ क्षेत्र के हरिविहार, भांकरी में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी द्वारा आयोजित सभा के अलावा सेक्टर–16ए, सेक्टर–21सी, लेबर चौक, सेक्टर–88, मेवला महाराजपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया वहीं अनंगपुर चौक पर ग्रीन फील्ड एसो. के प्रधान बिंदे भड़ाना द्वारा खोले गए चुनावी कार्यालय का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। इस दौरान बल्लभगढ़ में खुली जीप में सवार होकर मुख्य बाजार में रोड शो निकाला, जहां जगह–जगह व्यापारियों व दुकानदारों ने उनका अभिनंदन किया। सभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने दस सालों में फरीदाबाद का अभूतपूर्व विकास करवाया गया है, फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलवाकर जहां सड़कों, पुलों और फ्लाईओवरों का जाल बिछाया गया वहीं शिक्षा के मामले में इस जिले को नई बुलंदियों तक पहुंचाया गया। स्मार्ट सिटी में इंडौर स्टेडियम, टाऊन पार्क, रेलवे कोरिडोर, अंतर्राष्ट्रीय नाहर सिंह स्टेडियम का जीर्णोद्ध ार, दिल्ली के आईएसबीटी की तर्ज पर एनआईटी बस स्टैंड निर्माण करवाया वहीं फरीदाबाद और पलवल को एलईडी लाईटों से चमकाया गया। इसके अलावा नहरों पर पुलों को बनवाया गया, जिससे आवागमन सुगम हुआ। श्री गुर्जर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में भी इस जिले में नए मुकाम हासिल किए है, जिसमें मॉडल संस्कृति स्कूल खुलवाए गए, 900 करोड़ की लागत से स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण करवाया गया वहीं नचौली, बल्लभगढ़ मोहना, बडौली, हसनपुर (पलवल), मिंडकौला में कालेजों का निर्माण किया गया वहीं मानपुर में कालेज बनवाने का कार्य प्रगति पर है। श्री गुर्जर ने कहा कि इतने विकास कार्य आज तक पूर्व की सरकारों में किसी सांसद ने नहीं करवाए, जितने विकास कार्य उन्होंने दस सालों में इस जिले के लिए करवाए है। आज फरीदाबाद आधुनिकता की दौड़ में अव्वल जिला बनकर उभर रहा है, नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर यहां योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा रहा है। श्री गुर्जर ने लोगों से आह्वान किया कि विपक्ष के झूठे प्रलोभनों में न आए और विकास के साथ चलते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करें क्योंकि कमल के बटन पर दिया गया मतदान सीधे–सीधे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने भी अपने–अपने संबोधनों में केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर ने पिछले दस सालों के दौरान फरीदाबाद की सभी नौ विधानसभाओं में समान रुप से विकास करवायाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है और इसी विकास की बदौलत वह जनता के बीच अपने लिए समर्थन मांगने आए है। ताकि विकास का यह दौर आगे भी जारी रह सके। इस मौके पर चौ. धीरज सरपंच, मास्टर तूरमल जी, चौ. राजाराम, सतीश फागना, सतेंद्र फागना, जगत फागना, करतार सिंह फागना, राकेश धुन्ना, जयकिशन रिटायर्ड एसएचओ, एलएन भारद्व ाज, जेआर चौधरी, बालिंद्र कम्बोज, रतन नंबरदार, महेंद्र नंबरदार, जगदीश फागना, कंवल फागना, धर्मबीर भड़ाना, टिपरचंद शर्मा, गोपाल शर्मा, हरिप्रसाद गौड, बुद्धा सैनी, महेंद्र, टेकचंद शर्मा, गजेंद्र वैष्ण व, संदीप चौधरी, रिंकू भड़ाना, प्रेम सिंह फागना, महावीर सैनी, कौशल जी, जगत भूरा पार्षद, अरुण सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



## खट्टर के नेतृत्व में मनमोहन भड़ाना भाजपा में शामिल

### देश के विकास और उन्नति के लिए पीएम मोदी का होना जरूरीः मनमोहन भड़ाना



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता करतार सिंह भड़ाना के सुपुत्र मनमोहन सिंह भड़ाना रविवार को अपने हजारों साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। मनमोहन सिंह भड़ाना अपने साथियों के साथ करनाल स्थित भाजपा के अटल कमल कार्यालय पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सान्निध्य में भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनकर विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर मनोहर लाल ने मनमोहन सिंह की पीठ थपथपाते हुए पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा है, जिससे देश का हर व्यक्ति जुड़ना चाहता है। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी और देश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर मनमोहन सिंह भड़ाना ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आशीर्वाद प्राप्त कर कहा कि मैं बहुत बड़ा नेता नहीं, लेकिन मेरे पिता जी, दादा जी की 40 साल की कमाई है, जो लोगों की सेवा करके कमाई है। उम्मीद करता हूं वह कमाई सुरक्षित रहेगी और आगे बढ़गी। पूर्व मुख्मयंत्री से मुलाकात के बाद मनमोहन सिंह भड़ाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए मेहनत करेंगे, जो भी सहयोग बन पाएगा वो करेंगे। देश की सेवा करने का उनका उद्देश्य और भाजपा से बढ़कर कोई पार्टी नहीं है जो देश हित में काम कर सके, यही भावना लेकर मैं आज बीजेपी में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि देश की सेवा में मेरा अगर थोड़ा भी सहयोग होगा तो, मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली समझूंगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे को लेकर उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल सच है और आने वाली 4 जून को यह हकीकत में तब्दील होने वाला है। देश में व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। इस मौके पर उनके साथ मीडिया एडवाइजर तरूण मंडारी भी मौजूद रहे।

## भाजपा ने धर्म–जाति के नाम पर लोगों को बांटाः महेंद्र प्रताप

### लखन सिंगला के संयोजन में गांव सीही में आयोजित सभा में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिंदु–मुस्लिम एकता व सौहार्द बनाने की बात की है जबकि भाजपा ने जुमले फैंक जातिवाद–धर्म व मंदिर की बात कह लोगों की भावनाओं से खेल वोट हथियाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस बार यह लड़ाई सिर्फ चुनावी नहीं है बल्कि संविधान व देश को बचाने की भी है। क्योंकि गरीब, दलित व पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा संविधान को बदलने की बात कह रही है। लेकिन सभी वर्ग मिलकर इस संविधान विरोधी भाजपा को ही बदलने का काम करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप गांव सीही में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला के संयोजन में आयोजित सभा में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव सीही की मौजिज सरदारी द्व ारा सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं शॉल ओढ़ाकर कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत कर उन्हें पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने घोषण ा करते हुए कहा कि हरियाण ा में कांग्रेस सरकार बनने पर सीही गांव का चहुंमुखी विकास किया जाएगा, लोगों को जहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी वहीं यहां सूरदास स्मारक तथा हॉकी टरफ बनाया जाएगा, वहीं रामलीला ग्राउंड का जीर्णोद्ध ार करवाया जाएगा, साथ ही गांव में जाटव समाज के लिए बारात घर बनवाया जाएगा। सभा में मौजूद हजारों लोगों की हाजरी बता रही है कि आपने भाजपा को हराने का पक्का मन बना लिया है लेकिन इस जोश और उत्साह को बढाते हुए हम सभी को 25 मई तक पूरी तत्परता व सतर्कता के साथ जमीनी स्तर पर काम करते हुए कांग्रेस की घोषण ाओं को घर–घर तक पहुंचाना होगा और वोट की चोट से 36 बिरादरी को एकजुट होकर भाजपा को जवाब देना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरे फरीदाबाद में कांग्रेस की लहर चल रही है और हर कोई कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को समर्थन देने के लिए आगे आ रहा है, उन्होंने कहा कि जनता को इंतजार है तो सिर्फ 25 मई का, जब मतदान के दिन जनता वोट की चोट से भाजपा सरकार को करार जवाब देगी और केंद्र में फिर से कांग्रेस के रुप में अपनी सरकार चुनेगी। इस मौके पर मुख्य मनधीर सिंह मान, विरेंद्र वशिष्ठ, सुरेंद्र तेवतिया, संजय शर्मा, रुपेश मलिक, कुलबीर मलिक, बीएल गर्ग, बीएल गुप्ता, रिंकू चंदीला, सुमित गौड, बलजीत कौशिक, नितिन सिंगला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



## बजरंग दल ने 7 हजार लोगों को पिलाया मीठा जल मतदान करने का दिलाया वचन

निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। बैसाख शुक्लपक्ष पंचमी के शुभअवसर पर रेवाड़ी महेंद्रगढ़ रोड़ वार्ड नंबर 30 में बजरंग दल जिला रेवाड़ी ने 7 हजार लोगो को ठंडे मीठे जल का वितरण किया। जल वितरण के लिए वार्ड नम्बर 30 संयोजक व सहसंयोजक अजय ने जिला संयोजक सुमित शर्मा ने आज के दिन मीठे जल वितरण की योजना बनाकर चर्चा की और सारा कार्यभार अपने कंधों पर सम्हाल कर उसे पूर्ण कराया। सारा कार्य जिला संयोजक सुमित शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

रेवाड़ी नगर की बजरंग दल की पूरी टीम वहाँ उपस्थित रही और लोगो को गाड़ियों में जा जाकर जल पिलाया और लोगो से आह्वान किया कि मतदान वाले दिन अपना वोट जरूर डालना है। सभी लोगो ने इस भीषण गर्मी में बजरंग दल की सराहना की व वचन दिया कि अपना वोट जरूर डालकर आएंगे।

इस पुनीत कार्य मे हेमंत जिला सह गौरक्षा प्रमुख, नगर गौरक्षा प्रमुख नवीन यादव, नितिन रामपुरा ग्राम गौरक्षा प्रमुख, सचिन, अंकित, पवन सूरज, मनीष, प्रवीन सैन, प्रवेश, तरुण, तन्नू, सचिन, नकुल आदि गौरक्षक मौजूद रहे।





# युवा मतदाता, बनेंगे मोदी के विकसित भारत के साक्षी : राव इंद्रजीत



समाचार गेट ब्यूरो

रेवाड़ी। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि युवा शक्ति काफी समझदार है तथा देश के भविष्य के बारे में सोचती है। इस बार के चुनाव में करीब साढ़े चार लाख नए मतदाता सामने आए हैं। उन्हें उम्मीद है कि ये नए वोटर्स देश के सुनहरे भविष्य के लिए भाजपा में विश्वास व्यक्त करते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडौर सौंपेंगे। वे शनिवार को खोल बैल्ट के गांवों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांवों में राव का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की नींव रखी है और इस सपने को पूरा करने के लिए अगले पांच साल और भाजपा के लिए मांगे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहें न देख पाएं, लेकिन हमारी आने वाली पीढ़ी देखेगी कि जब 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तो यह देश एक बार फिर से अपनी खोई हुई विरासत हॉसिल करेगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने भविष्य को देखें और न केवल स्वंय, बल्कि अन्य लोगों को भी चुनावी बूथ तक ले जाकर वोट भाजपा की झोली में डालने के लिए प्रोत्साहित करें। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि हमने पिछले सालों में क्षेत्र में विकास कार्य किए है। उनमें से कुछ कामों की शुरुआत हो चुकी है और कुछ की नींव रखी गई है जिन्हें पूरा करना बाकी है। उन्होंने कहा कि काम इतने हुए हैं कि विपक्ष विकास को लेकर कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है, यही कारण भी है कि कांग्रेस, भाजपा द्वारा संविधान बदले जाने का शगूफा लोगों के बीच छोड़ रही है। राव ने कहा कि संविधान नहीं बदला जा सकता और न ही भाजपा सरकार की ऐसी नीयत रही है। उन्होंने विशेषतौर पर दलित लोगों को विश्वास दिलाया कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान को किसी भी हालत में नहीं बदला जाएगा।

राव ने क्षेत्र के लोगों का एम्स के लिए जमीन देने पर आभार जताया और कहा कि बेशक उन्होंने यहां एम्स लाने के लिए पूरा जोर लगाया है, लेकिन उनका भी इस निर्माण में विशेष सहयोग सदा माना जाएगा। राव ने कहा कि इस क्षेत्र को एम्स ऐसा स्वास्थ्य संस्थान मिल गया है, जिससे न केवल दक्षिणी हरियाणा के अलावा राजस्थान के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, बल्कि लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जमीन के भाव में भारी अंतर आ जाएगा, जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसी प्रकार रेवाड़ी-नारनौल के अलावा चंडीगढ़ जाने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे लोग यात्रा को सुगम बनाएगा। राव ने कहा कि उन्होंने कभी भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया, हमेशा बेदाग छवि रखी है। जनता की दी हुई ताकत का भी उन्होंने कभी गलत इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में भी आप द्वारा दी गई शक्ति का इस्तेमाल हमेशा चित्र के विकास के लिए करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, जिला परिषद अध्यक्ष मनोज यादव सहित भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंच, जिला पार्षद, ब्लॉक समिति सदस्य उपस्थित थे।

# भारत मदान ने राज बब्बर के पक्ष में विधानसभा गुरुग्राम में चलाए डोर टू डोर अभियान

समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। समाज का हर वर्ग कांग्रेस के समर्थन में है और इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत की दहलीज पर खड़ी है। यह कहना है गुरुग्राम के युवा कांग्रेस नेता भारत मदान का,आज से उन्होंने अपनी टीम के साथ गुरुग्राम लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के समर्थन में चला दिया है जनसंपर्क अभियान, जिसमे सकारात्मक परिणाम को देखकर खुश होते हुए कहा की। आज शाम अर्जुन नगर में पंजाबियों के बीच राज बबर का होगा भव्य स्वागत, पंजाबी समाज को कांग्रेस ने जो मान दिया है उससे समाज में बेहद खुशी का माहौल है।

यह चुनाव तानाशाहों को देश की सत्ता से बाहर करने और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। भाजपा की हवा अब खत्म हो चुकी है, आजादी की लड़ाई में भी गुरुग्राम का एक अहम योगदान था और आज इस निर्णायक लड़ाई में भी गुरुग्राम का योगदान उल्लेखनीय ही रहेगा।आगे उन्होंने कहा की भाजपा ने गुरुग्राम को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया है, जो गुरुग्राम कांग्रेस राज में विश्व के मानचित्र पर औद्योगिक रूप से चमकता था, आज यहां से उद्योग पलायन हो रहे है, बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन भाजपाई कागजों में विकास की बात करके लोगों को गुमराह कर रहे है लेकिन अब जनता भाजपाईयों के झूठे प्रलोभनों में कतई आने वाली नहीं है। गुरुग्राम के वर्तमान भाजपा सांसद तो राजा साहब है जनता से मिलना उन्हें पसंद नहीं, लेकिन अब बदलाव का वक्त आ गया है और



इस चुनाव में जनता अपनी वोट की चोट से भाजपा का सूपड़ा साफ करने के लिए कटिबद्ध है। इस दौरान मुख्य रूप से युवा नेता पारस कालरा,मनोज भारद्वाज, अमित कोहली, मोहम्मद बक्कर, राजकुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हर मोर्चे पर विफल है मौजूदा सांसद: फाज़िलपुरिया

## जेजेपी की चाबी से ही खुलेगा, गुड़गाँव वासियों की किस्मत का ताला : फाजिलपुरिया



समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। गुडगाँव लोकसभा सीट से जननायक जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया ने शुक्रवार को अडबर, बसई और स्वरसीन्य समेत करीब दो दर्जन जगहों पर जनसभाएं कीं जनसभा में मौजूद लोगों की भारी भीड़ देखकर फाजिलपुरिया के हौसले बुलंद थे जनता के बीच जाकर वो स्थानीय लोगों से मिलते नजर आए, उनकी समस्याएँ को विस्तार से सुना और उनके समाधान का भरोसा दिया और अबकी बार बदलाव के लिए वोट करने की अपील की। फाजिलपुरिया ने कहा कि केंद्र में जाकर सत्ता का सुख भोगने वाले लोग पत्थर दिल लोग हैं उनके दिल में गुडगाँव की आम जनता के लिए कोई जगह नहीं है मैं गुडगाँव में ही पला हूँ गुडगाँव और उसके लोग मेरे दिल में ही बसते हैं बीस साल दौलत वालों को वोट देकर देख लिया, एक बार इस दिलवाले को वोट देकर देखो मैं गुडगाँव की जनता को एक एक वोट का हिसाब दूँगा।

फाजिलपुरिया ने जनता की बीच कहा कि ये बदलाव की लड़ाई है पानी अब सिर से ऊपर जा चुका है सत्ताधारियों का पाप का घड़ा भर चुका है गुडगाँव की जनता अपने ऊपर अब और अत्याचार नहीं सहेगी बदलाव के हक़में अपना कीमती वोट देकर जनता अबकी बार जवाब देने को तैयार है अयोग्य नेतृत्व की वजह से आज शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, साफ़ सफाई हर एक एक छोटे बड़े मोर्चे पर सरकार विफल है इस वजह से गुडगाँव सहित पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है सरकार बताए कि अगर हरियाणा देश में आईटी जॉब देने में अग्रणी प्रदेश है तो उसमें हरियाणा के युवाओं को जगह क्यूँ नहीं मिलती? आज गुडगाँव दूषित हवा में साँस लेने को मजबूर क्यों है? प्रदूषण सीधे लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है लोगों को हो रही साँस और फेफड़े सम्बन्धी बीमारियों का ज़िम्मेदार कौन है? और इतने गंभीर मुद्दे पर सरकार की इस तरह की शिथिलता सहन करने योग्य नहीं है सरकार प्रदेश के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला जीवन दे पाने को लेकर प्रतिबद्ध नहीं है और न ही इस दिशा में कोई काम कर रही है इसलिए जारूरी है कि किसी नये और युवा को सेवा की बागडोर सौंपी जाए ऐसी दशा में जननायक जनता पार्टी का कुशल नेतृत्व ही हरियाणा को समस्याओं के इस दलदल से निकलने में सक्षम है हरियाणा की ये समस्याओं का निराकरण ही जननायक जनता पार्टी के युवा नेता दुष्यंत चौटाला के एजेंडे में सबसे पहले हैं पिछली सरकारों ने हरियाणा की जनता की किस्मत पर ताला लगा दिया है अब ये ताला जननायक जनता पार्टी की चाबी से ही खुलेगा।

फाजिलपुरिया ने कहा कि मैं पिछले इतने समय से गाँव गाँव घूमकर अपने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएँ सुन रहा हूँ गुडगाँव की जनता ने मुझे इतने ही दिनों में जितना प्यार दे दिया है, कि बात अब चुनाव में हार या जीत की नहीं रह गयी है अब तो मेरा आप लोगों से एक परिवार जैसा रिश्ता बन चुका है अब तो मुझे गुडगाँव की जनता के प्यार का क़र्ज़ चुकाना है फ़ाजिलपुरिया ने कहा कि मुझे किसी पद का लालच नहीं है जनता की इस अदालत में मेरे हक में जो भी फैसला होगा उसे क़ुबूल करते हुए मैं गुडगाँव की जनता को उनका हक़दिलाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करता रहूँगा।

# तकनीक अपनाने से युवाओं की निपुणता, नवाचार और सोच में होगी बढ़ोतरी : बंडारू दत्तात्रेय

## एपीजे सत्या विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में 1118 विद्यार्थियों को दी डिग्रियां



समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ तकनीक के माध्यम से आगे बढने के लिए आज के दौर में चल रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट तथा नई-नई तकनीकों का प्रयोग करना होगा। इससे उनकी निपुणता, नवाचार और सोच में बढ़ोतरी होगी। यह बात उन्होंने एपीजे सत्या यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को उपाधियां देकर सम्मानित किया और दीक्षांत समारोह में 1118 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि साल 2047 तक भारत सुपर पावर बनेगा। इसमें आज के युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए, इसलिए युवाओं को इस कार्य में बढचढ कर भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में जब कोई विद्यार्थी कड़ी मेहनत व लग्न के साथ शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उपाधि प्राप्त करता है तो वह पल उसके लिए बेहद गौरवशाली एवं उपलबधि भरा होता है। आज का यह उपलब्धियों भरा गौरवमय क्षण आप विद्यार्थियों के अथक परिश्रम एवं सतत अध्ययन के साथ-साथ आपके आदरणीय माता-पिता के आपार त्याग, तपस्या और कठोर परिश्रम, गुरुजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।

दत्तात्रेय ने युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सही है कि आज आप उत्तीर्ण हुए हैं और डिग्री लेकर यहां से बाहर जा रहे हैं और इस डिग्री व ज्ञान से आपको नौकरी मिल जाएगी परंतु आपको इससे एक कदम और आगे बढकर सोचना चाहिए अर्थात नौकरी प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि नवयुवकों को नौकरी देने वाले बने। इसके लिए आपको संकल्प करना होगा और कोई भी शंका नहीं रखनी चाहिए।

### भारत के युवा दुनिया के सबसे प्रतिभावान युवाओं में शामिल

राज्यपाल ने कहा कि वे समझते हैं कि भारत के युवा दुनिया के सबसे प्रतिभावान युवाओं में से एक हैं। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा जनशक्ति का है। 21वीं सदी में युवा ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने कहा क डॉ. सत्या पॉल एक महान स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट नेता, उद्योगपति, प्रमुख शिक्षाविद्, परोपकारी और महान विचारक थे। वे एक आत्मनिर्भर औद्योगिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे। इस मौके पर भारत के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रो. अरविंद पनगढिया, यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह, एपीजे सत्या यूनिवर्सिटी की चांसलर, एपीजे एजुकेशन की अध्यक्ष एंड बिजनेस ओनर और चेयरमैन, एपीजे सत्या और स्वरान ग्रुप सुषमा पॉल बर्लिया, विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. नेहा बर्लिया, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय वीर सिंह ने दीक्षांत समारोह में संबोधित किया और उपस्थित छात्रों को प्रेरणा संदेश दिया।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता : जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। निशांत कुमार यादव ने कहा कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ.ईसीआई हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

# जजपा से जन और नायक दोनों ही गायब हो चुके हैं : सुभाष बराला



## हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के तहत सुभाष बराला ने टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर लोगों से किया संपर्क

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जजपा से जन और नायक दोनों ही गायब हो चुके हैं। जजपा पर तंज कसते हुए श्री बराला ने कहा कि जजपा में सिर्फ परिवार बचा है। ये बातें श्री बराला ने शनिवार को टोहाना में भाजपा के हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के पहले दिन श्री बराला टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर पहुंचे और घर-घर जाकर भाजपा के संकल्प पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। श्री बराला ने लोगों से विकसित भारत बनाने के लिए 25 मई को कमल के फूल पर वोट देने की अपील की।

जजपा को निशाने पर लेते हुए सुभाष बराला ने कहा कि जिस प्रकार से जजपा की अंदरूनी खबरें आ रही है उससे पार्टी की कलई खुल रही है। पत्रकार के एक सवाल का जवाब देते हुए श्री बराला ने कहा कि जजपा के सुप्रीमो अजय चौटाला ने अपने नेताओं को जिस दिन टिकट दी थी उस दिन भी पता था कौन नेता कितने पानी में हैं और कौन किस पर बोझ बन सकता है। जजपा को निशाना पर लेते हुए श्री बराला ने कहा कि जिस प्रकार के लोगों को लेकर आनन-फानन में जजपा पार्टी बनाई और अब पार्टी के सर्वेसर्वा ही जजपा को छोड़कर भाग रहे हैं। सुभाष बराला ने कहा कि जजपा के विधायक भाग रहे हैं।

शनिवार को बराला सुबह ही बूथ पर पहुंचे और घरों में संपर्क करना शुरू किया। उन्होंने लोगों से भाजपा के संकल्प पत्र की कॉपियां दी और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उनका लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाया है। श्री बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

# कृष्णपाल गुर्जर को आज पलवल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा समर्थन दिया

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

पलवल। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने शिक्षकों से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। साथ ही गुर्जर ने जींद में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले पर हुए पथराव को निंदनीय बताया और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर भी चुटकी ली



फरीदाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल में निजी स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों और अध्यापकों संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार ने देश हित में अहम फैसले लिए है। पिछले दस वर्षों में दुनिया का नजरिया भारत देश के प्रति बदल गया है। हमारे देश 10 वर्षों में 11 आर्थिक ताकत से 5वें पायदान पर पहुंच गया है। आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की दिशा में बढ़ रहा है। देश को आतंकवाद,दंगों और घोटालों से मुक्त किया गया है। देश की सीमाओं को मजबूत करने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों पर पहले पत्थरबाजी करके सैनिकों का मनोबल गिरा दिया जाता था। हमारे देश के सैनिक पिछली सरकारों में कुछ नहीं कर पाते थे, लेकिन मोदी की सरकार ने सैनिकों का हौसलों को बढ़ाते हुए पत्थरबाजों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में करोड़ों रुपए के घोटाले सामने आते थे। जबकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश का विकास किया गया। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर बोलते हुए गुर्जर ने कहा की उनको केवल चुनाव -प्रचार के लिए जमानत मिली है। 5 जून के बाद वो फिर से जेल में होंगे और उनके बाहर आने से चुनाव पर कोई फर्क नही पड़ेग। गुर्जर ने उनके चुनावी काफिले को काले झंडे दिखाने के सवाल पर बोलते हुए कहा की मुझे कोई काले झंडे नहीं दिखाए गए। मेरी कोई गाड़ी उस काफिले में नही थी। यह सब मीडिया की देन है। उन्होंने कहा कि जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का एक मन बना चुकी है। इस मौके पर पलवल विधायक दीपक मंगला, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतबीर पटेल,पवन अग्रवाल, सुरेश भारद्वाज सहित हजारों की संख्या में अध्यापक गन मौजूद थे।

## विश्व भारती शिक्षा केंद्र, चावला कॉलोनी, बल्लबगढ़ का शत– प्रतिशत परीक्षा परिणाम





समाचार गेट/ब्यूरो

विश्व भारती शिक्षा केंद्र चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ का दसवी की बोर्ड का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। कुल 27 विद्यार्थियों ने छात्रवृति प्राप्त की। कु.दिव्यांशी ने 97.4 प्रतिशत (487/500) अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान दीपिका 95.8 प्रतिशत(479/500) और तृतीय स्थान हिमानी ने 93.6 (468/500) प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम उज्ज्वल करने का गौरव प्राप्त किया। 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम संक्षेप में इस प्रकार रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा निकुंज भारद्वाज और विद्यालय की सचिव डॉ.प्रवीण भारद्वाज ने समस्त सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि विश्व भारती शिक्षा केंद्र पिछले 39 वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर से बेहतर परिणाम दे रहा है।

शिक्षा केंद्र का उद्देश्य देश को प्रतिभावान, परिश्रमी, संस्कारवान और देशभक्त नागरिक देना रहा है।

विद्यालय के मुख्य अध्यापक विष्णु शर्मा ने कहा कि शिक्षा केंद्र अपने परिश्रमी और संकल्पित स्टाफ के साथ विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए कृत संकल्प है।

## मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में मारी बाजी



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद, बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने बोर्ड की कक्षा दसवीं में स्वर्णिम प्रदर्शन किया! विद्यालय के छात्रों ने मेरिट और प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की! विद्यालय के मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने बताया कि पलक ने 477/500 अंक ले कर पहला स्थान, जागृति भोज ने 448/500 अंक ले कर दूसरा, प्रतीक ने 421/500 अंक ले कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मनीष गौतम ने बताया की विषयवार गणित में 97/100, विज्ञान में 97/100, स्वास्थ एवं शारीरिक विज्ञान मे 93/100, इंग्लिश में 94/100, सामाजिक विज्ञान में 94/100 एवं हिंदी में 95/100 अधिकतम अंक बच्चों ने लिये!

मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ये आप सभी का सहयोग है कि बच्चे बोर्ड की परीक्षा में इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाए! परिक्षा परिणाम के समय ऋतु गौतम के साथ, ललित कुमार झा, मीनु गौतम, रीना आदि उपस्थित रहे!

## यतीश सिंघल और उनकी छात्रा आराध्या को सुपर 30 के आनंद कुमार द्वारा सम्मानित किया गया




निकिता माघोगड़िया

रेवाड़ी। दिल्ली में एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में, यतीश सिंघल और उनकी छात्रा आराध्या को सुपर 30 के प्रसिद्ध आनंद कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। यतीश सिंघल को सबसे कम उम्र के मार्गदर्शक के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि आराध्या को सबसे कम उम्र की पर्वतारोही के रूप में सम्मान मिला।

यह कार्यक्रम देश के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों और उनके मार्गदर्शकों को एक साथ लाया, जो कम उम्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। आराध्या, रेवाड़ी के हंसासका गाँव की निशा धनियान की पुत्री ने पिछले साल सितंबर में अपनी माँ के साथ माउंट एवरेस्ट के खुम्बू आइस फॉल तक पहुंचकर इतिहास रच दिया था, और ऐसा करने वाली वो भारत की सबसे कम उम्र की पर्वतारोहिण बन गई थी।

यतीश सिंघल ने बताया कि हमारे शहरों में आराध्या जैसे कई बच्चे हैं, जो अपनी शैली में विश्व कीर्तिमान स्थापित कर सकते है । उन्होंने यह भी कहा कि हर बच्चे को सही मार्गदर्शक की आवश्यकता है, और इसी कारण उन्होंने एक साल पहले सेक्टर 4 में अपना एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू किया, जिसका उद्देश्य शहर के हर बच्चे को सही मार्गदर्शन से जोड़ना है।

यतीश सिंघल ने सम्मान को स्वीकार करते हुए कहा कि यह उन सभी लोगों को समर्पित है, जिन्होंने समय–समय पर मेरा मार्गदर्शन किया और हौसला बढ़ाया। मुझे आशा है कि अब से हर साल रेवाड़ी के बच्चे बहुत बड़े–बड़े कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## एचजीएम गुरुकुलम विद्यालय के छात्राओं ने एक बार फिर दसवीं के परिणाम में उपमंडल में परचम लहराया



समाचार गेट/ हरिओम भारद्वाज

होडल। एचजीएम गुरुकुलम विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने एक बार फिर दसवीं परीक्षा परिणामों में शानदार उपलब्धि हासिल कर अपने विद्यालय, समाज एवं इलाके का नाम रोशन किया है। विद्यालय के रितु पुत्री महेश कुमार ने दसवी कक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लेकर होडल मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश ने 96.6 प्रतिशत , दिलशाना ने 95.2 प्रतिशत, हनू 95 प्रतिशत लक्ष्मी 95 प्रतिशत , यातिका 94.4 प्रतिशत , कोमल ने 93.8 प्रतिशत विपिन ने 93.6 प्रतिशत ध्रुव ने 93.4 प्रतिशत मणिकांत ने 93.4 प्रतिशत भूमिका ने 93 प्रतिशत हसीन खान ने 91.6 प्रतिशत दिनेश ने 91.2 प्रतिशत ललित ने 91.2 प्रतिशत हर्षित ने 90.8 प्रतिशत हर्षित ने 90.4 प्रतिशत विनय 90.2 प्रतिशत ने गौरव ने 90 प्रतिशत पायल ने 90 प्रतिशत अंक लेकर 20 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और होडल उपमंडल में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 74 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया । व 108 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । गणित बच्चों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किया संगीत विषय में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 प्राप्त किये विज्ञान विषय में 100 में 100 अंक हिंदी विषय में 98 प्राप्त किया सामाजिक विज्ञान में 98 इंग्लिश में 98 प्रतिशत अंक हासिल किए।


इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञानचंद सौरौत, मैनेजिंग डायरेक्टर जीतपाल सिंह, प्रधानाचार्य एम. के. वशिष्ठ एवं समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

## इंडरी में आज भूपेंद्र हुड्डा करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत

गुड़गांव। लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी अभिनेता राजबब्बर के समर्थन में नूंह विधायक व कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में आज नूंह के इंडरी गांव में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल होंगे।

प्रत्याशी राज बब्बर के साथ प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयमान शामिल होंगे इसके अलावा कप्तान अजय सिंह यादव भी मौजूद रहेंगे।

कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नूंह जिले के लोगों से वोट की अपील करने आ रहे हैं। आज कॉंग्रेस समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है क्योंकि बीजेपी सरकार में प्रदेश के भाइचारे को कई बार नुकसान पहुंचाया गया है।




# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

## कहा, निर्धारित समय पर दायित्व और जिम्मेदारी को पूरा करना करें सुनिश्चित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न स्तर पर तैयारियां की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आज कैंप ऑफिस में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर आरओ तथा एआरओ के साथ समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 25 मई को मतदान केंद्र के भीतर प्रजाइडिंग आफिसर्स, सहायक प्रजाइडिंग आफिसर्स के बैठने की व्यवस्था और ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, पीयू, बैलेट कंट्रोल यूनिट सहित तमाम व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें। वहीं टेस्ट वोट, मोक पोल, परोक्षी वोट डलवाने सहित अन्य सभी व्यवस्था आयोग की हिदायतों के अनुसार पूरी करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर मतदाता मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, स्पाई कैमरा इत्यादि लेकर न जाएं, इससे मतदान की गोपनीयता भंग होने की संभावना रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पीठासीन अधिकारी को ही मोबाइल रखने की अनुमति होगी। मतदाता केवल पहचान वाले दस्तावेज ही अपने साथ लेकर जाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हीट वेव से बचाव हेतु तथा छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा, मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। जहां दिव्यांगजन मतदाता है और उनके मतदान को सुगम बनाने के लिए प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों पर रैम्प की व्यवस्था कर दी गई है। वहीं दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए व्हीलचेयर भिजवाई जाएगी।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 2024 आम लोक सभा चुनावों के लिए प्रशासन दिव्यांगजनों के लिए खास ख्याल रखेगा। ताकि उन्हें मतदान के कार्य में किसी भी प्रकार की मुश्किलों का सामना न करना पड़े। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर मेडिकल फैसिलिटी के तहत ओआरएस ग्लूकोस समेत अन्य व्यवस्था को सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे तेज गर्मी के बीच आने वाले मतदाताओं को समस्या न हो। सभी पोलिंग स्टेशन के आस-पास सफाई व्यवस्था हो। पोलिंग बूथ पर मॉडल बूथ भी तैयार करे और साथ ही पिंक बूथ की भी व्यवस्था पूरी करें। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल, सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

# प्रजातंत्र के महा फेस्टिवल में गर्व से करें पहले मतदान

## भतौला हरिजन चौपाल पर मतदाताओं से सराय ख्वाजा जेआरसी ने नुक्कड़ नाटक से वोट डालने की अपील



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार और तिगांव विधानसभा के एईआरओ स्वीप कम सीईओ जिला परिषद सतबीर मान के कुशल मार्गदर्शन में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में भतौला की हरिजन चौपाल में नुक्कड़ नाटक द्वारा लोकसभा के चुनावों में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि जेआरसी, एसजेएबी सदस्यों और अध्यापकों ने हरिजन चौपाल भतौला में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकत्रित हुए। जहां प्रत्येक आने जाने वाले व्यक्तियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक मंचन कर के जरिये भतौला की हरिजन चौपाल पर एकत्रित होकर आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 25 मई को लोकसभा के चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान के लिए योग्य, सुलभता से उपलब्ध होने वाले ईमानदार और उन्नति शील समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करने वाले लोकसभा उम्मीदवार को चुनने के लिए जागरूक किया।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्रशासन द्वारा इस बार नए मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि वे सभी मतदाता बूथ पर आकर मतदान करें। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नए वोटर्स एवं अन्य सभी वोटर्स को 25 मई को वोट डालने के लिए जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला सहित अन्य प्रोग्राम मार्च 2024 से निरंतर चलाए जा रहे हैं। वहीं बीएलओ भी बीएजी एक्टिविटी द्वारा मतदाताओं को बता रहे हैं कि मतदाता ने निष्पक्षता और तटस्थता से कार्य करने वाले उम्मीदवार का चुनाव करना हैं।

जागरूकता अभियान में प्राचार्य मनचंदा, अध्यापिका सोनिया जैन, सरिता, सुशीला बेनीवाल सहित अन्य प्राध्यापकों ने मतदाता जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक तैयार करवाने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। वहीं प्राचार्य मनचंदा ने स्कूल की स्वीप एक्टिविटी की नोडल सुदेश मैडम का विशेष रूप से उत्साहवर्धन करते हुए आभार व्यक्त किया।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता ने किया डोर टू डोर कैंपेन, गांव वासियों ने किया स्वागत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** विधानसभा 89 के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आज अजरौंदा गांव में डोर टू डोर कैम्पेन किया इस मौके पर अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, युवा मोर्चा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष दिवाकर सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा (विक्की पंडित), ओबीसी मोर्चा अजरौंदा मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, एवं गांव की सरदारी सुखबीर सैनी, प्रधान लाल सिंह सैनी, वीरेंद्र सैनी जी, गोपीचंद शर्मा, भूपेंद्र शर्मा (बिल्लू), राघवेंद्र ठाकुर (पिंकू), त्रिलोकचंद अग्रवाल, हीरा सिंह सैनी, आकाश शर्मा, महेंद्र सिंह सैनी नंबरदार, प्रेम सिंह सैनी, धर्मेंद्र सिंह, संजय ठाकुर, प्रदीप सैनी, मुकुल सैनी सहित गांव के वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।



# भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द मानव रचना पधारे

## न्यायमूर्ति आरसी लाहोटी मेमोरियल व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि हुए उपस्थित

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मानव रचना विश्वविद्यालय (एमआरयू) के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से शनिवार को प्रतिष्ठित जस्टिस आरसी लाहोटी मेमोरियल लेक्चर सीरीज़ का आयोजन किया गया। माननीय जस्टिस आरसी लाहोटी की समृद्ध कानूनी विरासत की स्मृति में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने शोभा बढ़ाई, जबकि बतौर सम्मानित अतिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित शामिल हुए। संस्थान में शुरू की गई इस लेक्चर सीरीज़ के जरिए जस्टिस आरसी लाहोटी की ओर से कानून के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों और योगदानों के बारे में युवाओं को जागरूक कर उन्हें सही मार्ग दिखाना है। भावी कानूनी पेशेवर जस्टिस आरसी लाहोटी के जीवन दर्शन, कानूनी फैसलों और मानवीय हितों के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें और देश के विकास में सार्थक योगदान दे, यही इस लेक्चर सीरीज़ का उद्देश्य है। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए एमआरयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) दीपेंद्र कुमार झा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जस्टिस आरसी लाहोटी अपने नैतिकता और मूल्यों के जीवन संदेशों से छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। जस्टिस आरसी लाहोटी ने मानव रचना विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ के लिए लॉ एडवाइजरी बोर्ड की स्थापना की, रतन लाल लाहोटी लाइब्रेरी ऑफ लॉ का उद्घाटन किया और रतन लाल लाहोटी गोल्ड मेडल की स्थापना की, जो सभी शैक्षणिक प्रेरणा के स्रोत और गर्व की बात है। राम नाथ कोविन्द के अध्यक्षीय भाषण में जस्टिस आरसी लाहोटी के साथ हुई मुलाकातों के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वे जिस किसी से भी मिलते से अमिट छाप छोड़ते थे। उन्होंने ऐसी शख्सियत पर लेक्चर सीरीज शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शायद ही कभी हमें जस्टिस लाहोटी जैसे व्यक्ति मिलते हैं, जो न्यायिक स्वतंत्रता, अखंडता, अपने विचारों को व्यक्त करने में गहरी विनम्रता और कानून के शासन को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने भावी वकीलों को समाजहित में निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने और इससे मिलने वाली व्यक्तिगत संतुष्टि का अनुभव करने के लिए प्रेरित किया।




एमआरईआई के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में आगे बढने वाले छात्रों के लिए ये लेक्चर सीरिज एक नया अध्याय साबित होगी। जस्टिस आरसी लाहोटी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता और सादगी का प्रतीक थे। अपने जीवन काल के दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले सुनाए जोकि विश्वास, साहस और उदारता से प्रेरित रहे हैं। युवा ऐसी शख्सियत के जीवन से प्रेरणा ले और आगे बढ़े यही इस कार्यक्रम का मकसद है।

# 41693 केसों में से 27889 का आपसी सहमति से हुआ निपटारा: श्रीमती ऋतु यादव

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाए गए 15 लोक अदालत बेंच



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋतु यादव ने कहा कि आज शनिवार को हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अरुण पल्ली के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत में प्रत्येक जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग की अध्यक्षता एवं दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों का लोगों की आपसी सहमति निपटारा किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋतु यादव की देखरेख, में आज जिला अदालत सेक्टर -12, में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 बेंच लगाए गए थे। जिनमें श्री नरेश कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, श्रीमती ज्योति लंबा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सौरभ गोसाई प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, संदीप यादव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवीन कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रजत कुमार कनौजिया न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, दीपाली सिंगल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अनिल कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, हिमानी सागर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नीतिका भारद्वाज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अमितेंद्र सिंह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, तरुण चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सरिता सोलंकी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, पारस चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रियंका वर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की बेंचे बनाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालतों में 41693 केस रखे गए। जिनमें से कुल 27889 केसों का निपटारा लोगों की आपसी सहमति से किया गया। जिनमें मोटर व्हीकल दुर्घटनाओं के 287, छोटे-मोटे आपराधिक मामले 2368, चेक बाउंस 837, बिजली से संबंधित 440, समरी चालानो के 19718, श्रमिक विवाद के 09 केस, वैवाहिक संबंधित 191, दीवानी 598, बैंक रिकवरी के 1073, राजस्व से सम्बन्धित 2368 अदालतों में विचाराधीन केसों का निपटारा आपसी सहमति से किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विचाराधीन केसों से सम्बन्धित सभी व्यक्ति अपने अपने केसों के फैसले से संतुष्ट होते हुए और खुशी-खुशी अपने घर गए।

सीजेएम ऋतु यादव ने बताया कि आज की लोक अदालत में लोगों का ट्रैफिक केसों को लेकर लोगों का काफी रुझान रहा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक ट्रैफिक चालान से संबंधित केसों का निपटारा किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती। वहीं लोगों की कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। जिससे लोगों के पैसे व समय की बचत होती है तथा आपस में सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रेम भाव बना रहता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती कोर्ट फीस वापस हो जाती है। केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है तथा आपस में प्रेम भाव बना रहता है।






# स्कूलों में दिल्ली मॉडल लागू हो, मिड डे मील में सुधार की चर्चा

**समाचार गेट/एजेंसी**

**उत्तर प्रदेश।** देश में लोकसभा चुनाव का माहौल गरमाया है। 3 चरणों के चुनाव के बाद एक तरफ जहां उमस भरी गर्मी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं दूसरी तरफ नेताओं सियासी बयान भी भूचाल पैदा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की घोसी लोकसभा सीट पर कुछ इसी प्रकार का वाकया देखने को मिला है। घोसी सीट से एनडीए के सहयोगी घटक सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर चुनावी मैदान में हैं। शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन अरविंद ने अपना नामांकन दाखिल किया। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन एनडीए के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर किया गया। प्रेस कांफ्रेंस पर अरविंद राजभर ने सपा प्रत्याशी पर जमकर हमला बोला। अरविंद के निशाने पर केंद्र और राज्य सरकार भी आई। दरअसल, केजरीवाल सरकार लगातार दिल्ली के स्कूलों में बेहतरीन शैक्षणिक मॉडल की बात करती रही है।



अरविंद राजभर के निशाने पर केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार भी आई। अरविंद ने मिड डे मील योजना को लेकर कहा कि यह सपा सरकार की नाकामी है। इस योजना में सुधार करना चाहिए या फिर बंद कर देना चाहिए। हमला बोलते हुए अरविंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्कूलों में भी शिक्षा का दिल्ली मॉडल लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिड डे मील योजना की नाकामी के कारण बच्चों को स्कूलों में बर्तन धोना पड़ता है। यह उचित नहीं है। यह समय विज्ञान और प्रौद्योगिकी का है। इसको समेटा नहीं जाना चाहिए।

**जातिगत जनगणना को बताया उचित**

शिक्षा और स्वास्थ्य के बाद अरविंद राजभर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा कि भाजपा सरकार जातिगत जनगणना की विरोधी नहीं है। हम जातिगत जनगणना का स्वागत करते हैं। सुभासपा प्रत्याशी ने कहा कि अगर मैं आपके आशीर्वाद से जीतकर संसद पहुंचा तो जातिगत जनगणना की बात प्रधानमंत्री जी के सामने जरूर रखूंगा। अरविंद राजभर ने कहा कि अगर जातीय जनगणना होती है तो इससे सभी वर्गों को लाभ होगा। आज के परिवेश में सब कुछ देखते हुए जातिगत जनगणना नितांत आवश्यक है। जातिगत जनगणना से समाज के नीचे तबके लोगों का भी विकास संभव है।

**मऊ में पत्रकार क्लब खोलने की घोषणा**

अरविंद राजभर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर वे घोसी से चुनाव जीतते हैं तो पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संसद में आवाज उठाएंगे। राजभर ने कहा जब भी मैं मऊ आता हूं तो यहां के पत्रकारों से भवन की समस्या को सुनता हूं। अगर मैं सांसद बना तो यह समस्या जरूर दूर होगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजभर ने कहा कि जिस दिन योगी जी और मोदी जी एक मंच पर मेरे सामने होंगे, उनसे पत्रकार आयोग की बात मैं जरूर करूंगा।

# केके पाठक ने 454 टीचरों पर चला दी सैलरी वाली कैंची

**समाचार गेट/एजेंसी**

**भागलपुर।** बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का एक्शन जारी है। गर्मी की छुट्टी में शिक्षा विभाग टीचरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। ताजा मामला बिहार के भागलपुर से सामने आया है। केके पाठक के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 454 शिक्षकों के वेतन में कटौती की है। शिक्षा विभाग ने कहा है कि आगे भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारी के वेतन में कटौती करने का निर्देश दिया गया है।



**गर्मी की छुट्टी में भी खुले हैं स्कूल**

बता दें कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 15 अप्रैल से 15 मई तक ग्रीष्मावकाश के दौरान पहली बार विशेष कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों का भी स्कूलों में आना अनिवार्य है। इसके अलावा हर दिन स्कूलों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल से 10 मई तक, बिना पूर्व सूचना के स्कूलों से अनुपस्थित रहने वाले 454 शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। और शिक्षकों का एक दिन का वेतन भी काटा गया है।

**सबसे अधिक सन्हौल में गायब मिले शिक्षक**

शिक्षा विभाग के अनुसार, निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के गायब रहने वाले शिक्षकों की संख्या सबसे अधिक सन्हौला प्रखंड में है। पिछले 25 दिनों में अनुपस्थित रहने वाले 118 शिक्षकों का वेतन काटा गया है। वहीं शाहकुंड प्रखंड से मात्र दो शिक्षकों का वेतन निरीक्षण के दौरान काटा गया। जिला शिक्षा विभाग ने भी बताया है कि निरीक्षण के दौरान छह निरीक्षण कर्मियों का एक दिन का वेतन काटा गया है। डीईओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण को लेकर पूरे निर्देश दिए गए हैं। गायब पाए जाने वाले शिक्षकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ड्यूटी नहीं करने वाले निरीक्षण कर्मियों का भी वेतन काटा जा रहा है।

# आग से बचने के नियमों को न मानने वाले कोचिंग सेंटर हों बंद



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एमसीडी और डीडीए को अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन कर चल रहे कोचिंग सेंटरों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया। जस्टिस यशवंत वर्मा और जस्टिस रविंद्र डुडेजा की बेंच ने अधिकारियों से इन परिसरों के बाहर लगे बिजली के उपकरणों को हटाने के लिए भी कहा, जो लोगों के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं।

बेंच ने पिछली सुनवाई पर वकीलों की एक टीम को मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटरों के इंस्पेक्शन का आदेश दिया था। यह आदेश मुखर्जी नगर इलाके में कोचिंगसेंटरों के संचालन से जुड़ी कई याचिकाओं पर आया, जिसमें जून 2023 में उनमें से एक में आग लगने की घटना का संज्ञान लेने के बाद हाई कोर्ट ने खुद से सुनवाई शुरू की थी। मामले में न्याय मित्र (एमाइकस क्यूरी) गौतम नारायण ने कोर्ट को बताया कि इंस्पेक्शन से पता चला कि एमसीडी ने जिन कोचिंग सेंटरों को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए मैनेजमेंट या नाम के साथ काम कर रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा से जुड़ी जरूरतों का पालन नहीं कर रहे थे।

एक जगह पर एंट्री गेट पर एक इलेक्ट्रिकल बोर्ड लगा हुआ पाया गया, जो आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध कर सकता है। हाई कोर्ट ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अपने पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटरों पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की बेंच ने आदेश दिया कि हमारे सीलिंग निर्देशों के स्पष्ट उल्लंघन के मद्देनजर हम एमसीडी / डीडीए को तुरंत कार्रवाई करने और परिसर को सील करने का निर्देश देते हैं।

# डिप्टी सीएम बनते ही बदल गया था व्यवहार, बबली का दुष्यंत चौटाला पर बड़ा हमला



**समाचार गेट/एजेंसी**

**फतेहाबाद।** हरियाणा में राजनीतिक संकट के बीच जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के विधायक टोहाना क्षेत्र से विधायक और पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली बगावती तेवर दिखाएं हैं। जेजेपी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की तरफ से नायब सैनी सरका के फ्लोर टेस्ट की मांग के बीच बबली ने हमला बोला है। बबली ने कहा है कि देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि उपमुख्यमंत्री बनने के बाद दुष्यंत चौटाला के स्वभाव में बदलाव आ गया था। जननायक जनता पार्टी अब जननायक से खलनायक बन गई है। जेजेपी लोगों की कसौटी पर खरा नहीं उतर पाई है। अपने विधायकों से बिना विचार–विमर्श किए दुष्यंत चौटाला फैसले ले लेते हैं, जबकि पार्टी में सभी विधायकों का बराबर हक है। बबली ने कहा कि पार्टी में विधायकों की सलाह से ही काम करना चाहिए। मुझे नोटिस जारी किया गया है। जेजेपी के सभी साथी विधायकों से सलाह–मशविरा करके नोटिस का जवाब दूंगा। अपने इलाके के सभी लोगों से शनिवार से रायशुमारी शुरू करूंगा। उसके बाद ही यह तय करूंगा कि किस दल में जाना है।

**विधायक को विश्वास में नहीं लिया**

देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि उपमुख्यमंत्री बनने के बाद दुष्यंत चौटाला के स्वभाव में बदलाव आ गया। अब गठबंधन टूटा तो उस समय भी अपने विधायकों को विश्वास में नहीं लिया गया। सारे फैसले अपनी मर्जी से ले रहे हैं। उनके पिता अजय चौटाला भी लगातार गलत भाषा का प्रयोग करके विधायकों का अपमान कर रहे हैं, इसलिए दुष्यंत चौटाला को अपने पिता अजय चौटाला को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाना चाहिए। देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि अभी किसी भी पार्टी के समर्थन को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। अगले चार या पांच दिन तक कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के कार्यक्रम चलेंगे। उसके बाद किसी दल में जाने का ऐलान करेंगे। वे उस दल में जाएंगे, जहां जाने से टोहाना की जनता को फायदा मिल सके।

# यमुनोत्री धाम पर भीड़ ऐसी कि लग गया जाम

**समाचार गेट/एजेंसी**

**देहरादून।** चार धाम यात्रा की शुरुआत के साथ ही तीर्थ स्थलों पर भारी भीड़ उमर रही है। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, यमुनोत्री धाम में पहले ही दिन 12 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने के बाद सवालों का सिलसिला शुरू हो गया। यमुनोत्री धाम में भारी भीड़ उमड़ने के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग न आगे बढ़ रहे पा रहे थे, न पीछे जा पा रहे थे।



ऐसे में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। घोड़ा और खच्चर वाले अपने–अपने स्थान पर भी पहले दिन उतर नहीं पाए। पालकी वालों को भी कोई मदद नहीं मिली। चार धाम यात्रा में भारी भीड़ को देखते हुए पर्यावरणविद चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं, धामी सरकार में मंत्री सतपाल महाराज ने चार धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि श्रद्धालु सरकार के निर्देशों का पालन करें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को भी सख्त हिदायत दी है कि अफसर अतिथि देवो भव: की परंपरा का विशेष ध्यान रखें। यात्रा तैयारी को पुख्ता बनाए रखने में अपना योगदान करें।

**कपाट खुलते ही उमड़ा सैलाब**

यमुनोत्री मंदिर के कपाट शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर देश–विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। इससे पहले शुक्रवार की सुबह मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास खरसाली, खुशी मठ से अपने भाई शनिदेव की अगुवाई में यमुनोत्री धाम पहुंची। रोहिणी नक्षत्र की बेला में वैदिक मंत्रों के पाठ और विधि–विधान के साथ तीर्थ–पुरोहितों की उपस्थिति में सुबह 10:29 बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं का हुजूम यमुनोत्री धाम में उमड़ पड़ा। पहले ही दिन कुल 12,913 भक्तों ने दर्शन किए।

**वीआईपी दर्शन नहीं, शिल्पा शेट्टी भी पहुंची**

केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था पहले दिन नहीं दिखाई दी। कपाट खुलने के बाद सीएम धामी ने बाबा केदार का दर्शन–पूजन किया। इसके बाद आम और खास सभी भक्तों को दर्शन की सुविधा दी गई। पिछले सालों की तरह वीआईपी लाइन नहीं दिखाई दी। सभी भक्तों को गर्भगृह में जाने का मौका दिया गया। ऐसी व्यवस्था पहली बार दिखाई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी परिवार समेत शुक्रवार को जॉलीग्रांट के एसडीआरएफ हेलीपैड पहुंची। वहां रुद्राक्ष एविएशन की निदेशक श्रेया छाबरी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सुबह 11:15 बजे एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ रुद्राक्ष एविएशन के एमआई–17 हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई। बाबा केदार के दर्शन के बाद वह लौट गई।

# बाजार में गदर मचा रहा ये शेयर! एक साल में दोगुना हुआ निवेशकों का पैसा

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में भले ही उतार–चढ़ाव बना हो, लेकिन कई शेयर निवेशकों को लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। बाजार में गिरावट के बाद भी इन शेयरों में तेजी बनी हुई है। आज हम आपको एक ऐसे ही शेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इस शेयर में पिछले 3 वर्षों से लगातार तेजी देखने को मिल रही है। यह शेयर पटेल इंजीनियरिंग का है। शेयर का प्रदर्शन पिछले कुछ वर्षों से शानदार रहा है। इसमें निवेश करने वालों को बंपर रिटर्न मिल रहा है। बीते शुक्रवार को भी शेयर बढ़त के साथ बंद हुआ है। हालांकि आप बिना जानकारी के किसी भी शेयर में निवेश न करें। किसी भी स्टॉक में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहाकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। आईए आपको बताते हैं निवेशकों को मालामाल करने वाले इस शेयर के बारे में।



**लगातार बनी हुई है तेजी**

पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर में लगातार तेजी देखी जा रही है। शेयर में बीते शुक्रवार को दो फीसदी से ज्यादा का उछाल देखा गया था। इस दौरान शेयर 56.40 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले 6 महीनों में शेयर में 19.49 फीसदी का उछाल आया है। बीते एक साल में इस शेयर ने निवेशकों को 112.03 फीसदी का रिटर्न दिया है। इस शेयर ने एक साल में ही निवेशकों का पैसा दोगुना तक बढ़ा दिया है। जबकि बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स 101 फीसदी बढ़ा है। वहीं पिछले 5 वर्षों की बात करें तो निवेशकों को इसमें 267.43 फीसदी का बंपर रिटर्न मिला है। हालांकि इस साल कंपनी के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। साल 2024 में शेयर में करीब 15 फीसदी की गिरावट आई है।

# अंबानी ने ताउम्र जितना कमाया, उससे ज्यादा पैसा एक साल में भारत आया

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश में काम कर रहे भारतीयों ने स्वदेश पैसा भेजने के मामले में नया रेकॉर्ड बना दिया है। हाल में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी International Organisation for Migration ने रेमिटेंस के आंकड़े जारी किए। इनके मुताबिक भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में रेकॉर्ड 111 अरब डॉलर मिले। यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राशि भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ से अधिक है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ 108 अरब डॉलर है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है।



**पाकिस्तान और बांग्लादेश**

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी रेमिटेंस के मामले में टॉप पर रहा। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला। दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे। पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमश: करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। पाकिस्तान छठे और बांग्लादेश आठवें नंबर पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के हैं। कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है।

दिलचस्प बात है कि भारतीयों को स्वदेश पैसा भेजने के लिए सबसे कम फीस देनी पड़ती है। दक्षिण एशिया में 200 डॉलर स्वदेश भेजने की कॉस्ट 4.6% है जो दुनिया में सबसे कम है। ईस्ट एशिया एंड पैसिफिक, लेटिन अमेरिका और कैरीबियन में यह 5.8 फीसदी है। सब–सहारा देशों में यह आठ फीसदी से अधिक है जो एसडीजी टारगेट के दोगुना से भी अधिक है। एसडीजी में इसे तीन सेंट से भी कम करने की बात कही गई है।

# अगले हफ्ते 6 दिन खुलेगा शेयर बाजार

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले सप्ताह काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिला था। बाजार में काफी गिरावट आई थी। हालांकि कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को बाजार में गिरावट पर ब्रेक लग गया था। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट थमी थी। बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। बीएसई सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ था। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली।

**अगले हफ्ते शनिवार को खुलेगा बाजार**

अगले सप्ताह शेयर बाजार 5 नहीं 6 दिन खुलने वाला है। बाजार अगले हफ्ते शनिवार को भी खुलेगा। हस्थ की तरफ से बताया गया है कि 18 मई यानी शनिवार को डिजास्टर रिकवरी साइट की टेस्टिंग होगी। ऐसा किसी भी इमरजेंसी सिचुएशन से निपटने के लिए किया जा रहा है। इस ट्रेडिंग सेशन के दौरान प्राइमरी साइट से डिजास्टर साइट पर स्विच ओवर किया जाएगा। डिजास्टर साइड सभी क्रिटिकल इंस्टीट्यूशन के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पहला सत्र प्राथमिक साइट (पीआर) से सुबह 9:15 बजे से 10 बजे तक और दूसरा डीआर साइट से सुबह 11:45 बजे से दोपहर 12:40 बजे तक होगा। एनएसई ने कहा, ''शेयर बाजार शनिवार, 18 मई, 2024 को इक्विटी और इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में 'प्राथमिक साइट' से 'डिजास्टर रिकवरी साइट' पर कारोबार के दौरान जाने के साथ एक विशेष 'लाइव' कारोबारी सत्र आयोजित करेगा।''

# पलवल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, टीचरों ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को दिया समर्थन



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को आज पलवल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा समर्थन दिया। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने शिक्षकों से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। साथ ही गुर्जर ने जींद में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले पर हुए पथराव को निंदनीय बताया और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर भी चुटकी ली। फरीदाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल में निजी स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों और अध्यापकों संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार ने देश हित में अहम फैसले लिए हैं। पिछले दस वर्षों में दुनिया का नजरिया भारत देश के प्रति बदल गया है। हमारे देश 10 वर्षों में 11 आर्थिक ताकत से 5वें पायदान पर पहुंच गया है। आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की दिशा में बढ़ रहा है। देश को आतंकवाद,दंगों और घोटालों से मुक्त किया गया है। देश की सीमाओं को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों पर पहले पत्थरबाजी करके सैनिकों का मनोबल गिरा दिया जाता था। हमारे देश के सैनिक पिछली सरकारों में कुछ नहीं कर पाते थे, लेकिन मोदी की सरकार ने सैनिकों का हौसलों को बढ़ाते हुए पत्थरबाजों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में करोड़ों रुपए के घोटाले सामने आते थे। जबकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश का विकास किया गया। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर बोलते हुए गुर्जर ने कहा की उनको केवल चुनाव –प्रचार के लिए जमानत मिली है। 5 जून के बाद वो फिर से जेल में होंगे और उनके बाहर आने से चुनाव पर कोई फर्क नही पड़ेगा। गुर्जर ने उनके चुनावी काफिले को काले झंडे दिखाने के सवाल पर बोलते हुए कहां की मुझे कोई काले झंडे नहीं दिखाए गए। मेरी कोई गाड़ी उस काफ़िले में नही थी। यह सब मीडिया की देन है। उन्होंने कहा कि जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का एक मन बना चुकी है। इस मौके पर पलवल विधायक दीपक मंगला, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतबीर पटेल,पवन अग्रवाल, सुरेश भारद्वाज सहित हजारों की संख्या में अध्यापक गन मौजूद थे।

# नूंह में 9 गांवों के किसानों की महापंचायत, 9 जून को फिर बड़ी महापंचायत कर आईएमटी का काम रोकेंगे



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह आईएमटी रोजकामेव स्थित धीरदोका गांव में पिछले 2 महीने से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे नूंह जिले में 9 गांवों के किसानों ने शनिवार को महापंचायत की। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत की टीम से सत्येंद्र लोचव, किसान यूनियन दिल्ली के प्रदेशाध्यक्ष दलजीत डागर, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रवि आजाद, देवीलाल मोहना सहित नूंह कमेटी के सदस्य सदस्य हाफिज सिराजुद्दीन, जाहिद पूर्व सरपंच मेहरोला, मुबारिक, मोहम्मद एसपी, इरशाद, इरफान, जमशेद, उस्मान, हाजी रफीक, आसब, हाजी शरीफ, दीन मोहम्मद नंबरदार सहित कई किसान संगठन और समाजसेवी पहुंचे। किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रवि आजाद ने महापंचायत को संबोधित करते ऐलान किया कि 4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद 9 जून को एक बार फिर बड़ी महापंचायत करते हुए आईएमटी रोजकामेव के काम बंद कराएंगे। यहां किसानों पिछले 70 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। अब हम कड़े कदम उठाएंगे क्योंकि सरकार के कानो तले जू नहीं रेंग रही। अब हम किसी की नहीं सुनेंगे।

बता दें कि आईएमटी रोजकामेव के लिए 9 गांव खेड़ली कंकर, मेहरोला, बडेलाकी, कंवरसीका, रोजकामेव, धीरदोका, रूपाहेड़ी, खोड (बहादरी) और रेवासन के किसानों की वर्ष 2010 में 1600 एकड़ अधिग्रहण की जमीन की गई थी। उस दौरान किसानों की जमीन को सरकार द्वारा 25 लाख रुपए का मुआवजा देकर प्रति एकड़ अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इसके बाद सरकार ने फरीदाबाद के चंदावली, मच्छगर गांवों की जमीन को भी अधिग्रहण किया।

वहां के किसानों ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी जमीन को सस्ते दामों में सरकार पर लेने का आरोप लगाकर मुआवजा बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने किसानों को प्रति एकड़ 2 करोड़ की राशि देने के आदेश दिए थे। इस दौरान जब 9 गांवों के किसानों को पता चला कि उक्त गांवों के किसानों को 2 करोड़ प्रति एकड़ मिले हैं तो उन्होंने भी लंबी लड़ाई लड़कर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जिस पर सरकार ने किसानों से बातचीत करते हुए उनकी जमीन को 46 लाख रुपए प्रति एकड़ देने की बात कही और उनसे एफिडेविट पर साइन करा लिए, ताकि किसान कोर्ट में ना जा सके और सभी किसानों को 21- 21 लाख रुपए देकर कहा कि आगे आपको 25-25 लाख रुपए ओर दे दिए जाएंगे, लेकिन आज तक भी किसानों को 25-25 लाख रुपए नहीं दिए गए हैं। इसी के चलते किसान धीरदोका गांव में 29 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 3171 मामलों में से 2190 मामलों का निपटारा

## जिला व उपमंडल स्तर पर हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नालसा के तत्वावधान में हालसा से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चैयरमेन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार के मार्गदर्शन में जिला व उपमंडल की न्यायिक परिसर में शनिवार को द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 3171 मामलों में से 2190 का निपटारा कर 4 करोड़ 07 हजार 575 रुपये की राशि जुर्माना व समझौता के रूप में पास की गई। इन मामलों में प्री-लिटिगेशन के 197 मामलों में सभी का निपटारा और 10 लाख 97 हजार 821 रुपये की राशि जुर्माना व समझौता के तौर पर पास की गई। जबकि कोर्ट में लंबित मामलों के 2974 मामलों में से 1993 का निपटारा करते हुए 3 करोड़ 89 लाख 9 हजार 752 रुपये की राशि जुर्माना व समझौता के रूप में पास की गई।

**इन न्यायाधीशों की कोर्ट में लगी अदालत:**

तैय्यब हुसैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, नूंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नूंह वंदना, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) पुन्हाना नेहा गोयल, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनीष कुमार की कोर्ट में लोक अदालत आयोजित कर विभिन्न मामलों को सुनवाई की गई।

**इन मामलों की हुई सुनवाई:**

द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में अपराधिक मामलों, एनआई एक्ट 143, एमएसीटी, एआईआर, ट्रांसपोर्ट, वैवाहिक, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, किराया, बैंक रिकवरी, राजस्व, बिजली व पानी बिल सहित विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायाधीशों की मौजूदगी में प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं के सहयोग से दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर मामलों का निपटारा किया गया।

**कोर्ट में लंबित मामलों को लोक अदालत के माध्यम से निपटाने का किया आह्वान:**

मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायाधीशों ने बताया कि लोक अदालत के फैसलों को ऊपरी किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती हैं। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे इन लोक अदालतों में केसों का निपटान करवाकर लाभांवित हों। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई लोक अदालतों के माध्यम से करवाएं, क्योंकि इससे उनके समय व धन की बचत होगी।

**कानूनी जानकारी व सहायता के लिए यहां करें संपर्क:**

सीजेएम तैय्यब हुसैन ने बताया कि व्यक्ति अपने मुकदमें के लोक अदालत में समाधान के लिए या अन्य संबंधित जानकारी के लिए जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चैयरमेन, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) एवं उपमंडल विधिक सेवा समिति के चैयरमेन अथवा अपने नजदीकी कानूनी संरक्षण एवं समर्थन केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2057 या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# नूंह पुलिस ने एक हजार रुपए के इनामी बदमाश को दबोचा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** एविटी स्टाफ रोजका मेव की टीम ने एक हजार रुपए के इनामी बदमाश को दबोचा है।जो करीब 13 साल से फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान समीम उर्फ शमी पुत्र उमर मोहम्मद निवासी नौसेरा, नूंह सदर थाना रूप में हुई है। आरोपी समीम सितंबर 2011 में फेज तीन भिवाड़ी के थाने में दर्ज हत्या के मामले में वांछित था,जो अब तक पुलिस गिरफ्तारी से बचता रहा।राजस्थान पुलिस के फरार घोषित आरोपी समीम पर एक हजार रुपए इनाम था। नूंह पुलिस के मुताबिक शनिवार को एविटी एवं माइनिंग स्टाफ रोजका मेव को हत्या मामले में करीब 13 साल से वांछित आरोपी समीम के एक ठिकाने पर होने की सूचना मिली थी। फिर नूंह पुलिस ने जाल बिछाते हुए आरोपी समीम को एक ठिकाने से दबोच लिया। जिसके संबंध में भिवाड़ी नगर के फेज तीन थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

स्कूल बस हादसा

# मृतक विद्यार्थियों की आत्मिक शांति तथा न्याय की मांग को लेकर उन्हाणी में हुआ महापंचायत का आयोजन

**6 बिंदुओं पर शासन-प्रशासन की ओर सप्ताहभर में कार्रवाई का दिया अल्टीमेटम**

**कार्रवाई न होने पर 18 मई को किया जाएगा एसडीएम कार्यालय का घेराव**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी गांव के समीप पिछली 11 अप्रैल को ईद के अवकाश के दिन घटित जीएल स्कूल बस हादसे में मारे गए 6 निर्दोष विद्यार्थियों की आत्मिक शांति तथा पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को उन्हाणी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में न्याय महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति कनीना के वाईस चेयरमैन रमेश महलावत ने की। महापंचायत में कनीना खंड के अलावा जिले भर से आए सरपंच, पंच, नम्बरदार, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सरपंच प्रतिनिधि सहित प्रबुधजनों ने हिस्सा लिया। महापंचायत की कार्रवाई शुरू होने से पूर्व मृतक विद्यार्थियों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रख गया ओर उनके चित्र पर श्रधासुमन अर्पित किये गए। उसके बाद वक्ताओं ने 11 अप्रैल को घटित सडक हादसे को लेकर बोलना आरंभ किया। इस हादसे में झाडली के दो भाईयों समेत 4 तथा धनौंदा के दो विद्यार्थियों की मौत हो गई थी तथा अनेको छात्र घायल हुए थे। गुस्साए ग्रामीणों ने कहा की घटना के बाद एक माह का समय बीत गया है लेकिन स्कूल के एमडी को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से कोई आर्थिक सहायता भी स्वीकृत नहीं की गई है। पुलिस ने भले ही इस मामले में दोषी बस चालक, प्रिंसिपल, शिक्षा समिति के सचिव, चेयरमैन सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन एमडी अभी भी बाहर घूम रहा है। न्याय महापंचायत के प्रधान अतर लाल ने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलवाने के लिए महापंचायत में छह प्रस्ताव पारित कए हैं। जिनमें इस सड़क हादसे की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाने, एफआईआर के अनुसार स्कूल का मैनेजिंग डायरेक्टर को गिरफ्तार करने, प्रदेश सरकार द्वारा पीडित परिजनों को एक-एक करोड तथा घायलों को 50 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने, मृतक छात्रों को शहीद का दर्जा देने, स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह लोढ़ा की ग्रीवेंस कमेटी से सदस्यता तत्काल रद्द करने, स्कूल की मान्यता को रदद् करने की मांगें रखी गई। शासन-प्रशासन की ओर से उपरोक्त मागों को सप्ताहभर में पूरा नहीं किया तो 18 मई को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जायेगा ओर आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए आदोंलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर पंस सदस्य महिपाल नम्बरदार, खेडी के सरपंच पंकज हिंदू, सुरेश शर्मा, बलवान सिंह छितरोली, सतपाल, सुनील कुमार धनौंदा, कंवर सिंह नम्बरदार, संजय कुमार, घनश्याम सिंह सहित जिलेभर से आए नागरिक उपस्थित थे।

# इसरो में चयनित एसडी स्कूल के छात्र अहमदाबाद के लिए हुए रवाना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में चयनित एसडी वरिष्ठ माध्यमकि विद्यालय ककराला के विद्यार्थी शनिवार को अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। विद्यालय प्राचार्य औमप्रकाश यादव ने बताया कि विद्यालय के 5 विद्यार्थी माही राव मोहला, अदिति आर्य कनीना, गरीमा यादव कनीना, देवांशी यादव करीरा, जसवीर बेवल का इसरो में चयन हुआ था। ये विद्यार्थी रविवार को प्रात: 7 बजे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान में उपस्थित होगें। विद्यालय चेयरमैन जगदेव यादव ने सभी विद्यार्थियों को पूरे इत्मीनान के साथ उत्साहपूर्वक रवाना किया। उन्होंने कहा कि कड़े परिश्रम एंव नियमित प्रयास से सफलता मिलती है। 5 विद्यार्थियों का इसमें चयन न केवल उनकी अकादमिक उत्कृष्टता की पहचान है, बल्कि उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और विज्ञान के प्रति जुनून का भी एक वसीयतनामा है। उन्हें इस अवसर का उपयोग जितना हो सके सीखने के लिए करना चाहिए, क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करनी चाहिए और उन्हें प्रदान किए गए संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के पदाधिकारी रामधारी यादव, राजेन्द्र सिंह, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, कनिष्ठ विभाग मुखिया नरेन्द्र यादव, वरिष्ठ विभाग के मुखिया सुनील कुमार, सम्पूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की टीम ने शहरवासियों के साथ किया हेरिटेज भ्रमण



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की ओर से शनिवार को रेवाड़ी जिला प्रशासन के सहयोग से रेवाड़ी नगरवासियों के साथ 'हैरिटेज भ्रमण' के तहत रेवाड़ी की ऐतिहासिक व पौराणिक धरोहरों का भ्रमण किया गया। हैरिटेज भ्रमण के दौरान हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की टीम ने सोलहराही तालाब से 'हेरिटेज भ्रमण' की शुरुआत की। टीम ने सोलहराही तालाब व छतरियां, बड़ा तालाब-तेज सरोवर, सेंट एंड्रयू चर्च, नंद सरोवर, छतरियां, रानी की ड्योढ़ी, शहर के प्रसिद्ध घंटेश्वर महादेव मंदिर, बाजार भ्रमण, तीर्थराम फूड प्वाइंट व रेजांगला मेमोरियल की विजिट की तथा वहां की कंस्ट्रक्शन, मटेरियल, ऑरिजन, सिगनिफिकेंश, ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए शहरवासियों को रेवाड़ी के इतिहास से रूबरू कराया।

# रेवाड़ी में सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** जिले के गांव चांदावास के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को कुचल दिया। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों बाइक पर कोसली से वापस रेवाड़ी स्थित अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। रामपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। शनिवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार रेवाड़ी शहर के नारनौल रोड़ स्थित लक्ष्मी नगर निवासी ओम प्रकाश (64 वर्ष) मूल रूप से गांव जैनाबाद के रहने वाले थे। ओमप्रकाश हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड होने के बाद रेवाड़ी में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। शुक्रवार को ओमप्रकाश अपनी पत्नी राजबाला (62 वर्ष) के साथ किसी काम से बाइक पर कोसली गए थे। शुक्रवार देर शाम दोनों वापस घर लौट रहे थे तभी गांव चांदावास स्थित बाईपास चौक पर गोकलगढ़ के तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद गांव मसानी निवासी सचिन यादव के मुताबिक टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक चालक ने वाहन को रोकने की बजाय दोनों के ऊपर टायर चढ़ा दिए जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई व आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे से बेरली रोड और बाईपास पर लंबा जाम लग गया। सूचना के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे मे लेकर रेवाड़ी के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। मौके के चश्मदीद गवाह सचिन यादव की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। ट्रक राजस्थान नंबर का है पुलिस ट्रक के मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# हनुमान शर्मा बने राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के बाढड़ा हल्काध्यक्ष




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सरताज जून, प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ट मौजूद रहे। बैठक में अनाज मंडी बाढड़ा के प्रधान हनुमान शर्मा को दादरी जिले में बाढड़ा विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उनको हल्का की कार्यकारिणी का गठन करने का अधिकार दिया। साथ ही प्रीतम भारद्वाज मांढी को जिला सचिव का भी नियुक्ति पत्र सौंपा गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सरताज जून, प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ ने विस्तार से व्यापारियों की समस्याओं एवं भविष्य में उनके निराकरण बारे चर्चा कर मार्गदर्शन किया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश के प्रदेशों में 50 से 60 तरह की ट्रेड एसोसिएशन है जो छोटे छोटे टुकड़ों में बंटी हुई है उन सभी को एक छत के नीचे लाने का काम राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ करेगा। जो भी ट्रेड एसोसिएशन के प्रधान है वो राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के संयोजक होंगे।

नवनियुक्त हल्का अध्यक्ष हनुमान शर्मा ने अपनी नियुक्ति बारे सभी उपस्थित जनों को इस जिम्मेवारी को पूरी लगन एवं तन्मयता से निभाने का विश्वास एवं भरोसा दिलवाया तथा सभी का बैठक में पधारने पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इन नियुक्ति के लिए भानु प्रकाश प्रधान, महेंद्र शर्मा बाढड़ा, कृष्ण धनाश्री, मंजीत नान्ध, नवीन चाँदवास, कालू सेठ बेरला, महेन्द्र साहब, करणसिंह, कैलाश भंडवा, अशोक दुधवा, सोनू पांडवान, अनिल डालवास, आनंद जेवली, सुभाष मान, ढिल्लू सरपंच, भूपसिंह बेरला, लोकेश, बेरला, कृपाल सेठ नांधा, शेखर बाढड़ा अमित ककड़ोली, संदीप हुई, सत्यवान बाढड़ा, सन्दीप नांधा धर्मेंद्र नांधा जयभगवान उमरवास, मांगेराम सेठ आदि सामाजिक एवं व्यापारीगण ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

# रेवाड़ी पुलिस व अर्धसैनिक बल ने रामपुरा व खोल क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव को लेकर रेवाड़ी पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशानुसार शनिवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर थाना रामपुरा व खोल एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम व अर्धसैनिक बल की टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च राव गोपाल देव चौक से शुरू होकर, हरिनगर, नारायण पुरा, ठोठवाल, नंगली गोधा, राजियाका, पुर्नसिका, भांडोर, गुमिना, खोरी, कुण्ड, बोह्का, मंदोला, डहिना, कंवाली, बुडौली, नांगलमुंदी, जाडरा, सहारनवास, से होकर निकला।

इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, आइटीबीपी कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर प्रसाद, थाना रामपुरा प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश चन्द, थाना खोल प्रभारी इंस्पेक्टर प्रह्लाद सिंह, लाईन अफसर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, गांव भाड़ावास चौकी इंचार्ज एएसआई शिव कुमार, कुण्ड चौकी इंचार्ज एसआई महिपाल, डहिना चौकी इंचार्ज एसआई सचिन मौजूद रहे। डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# स्टूडेंट्स व पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा शनिवार को तीन नए कानूनों के संबंध में पुलिस लाईन रेवाड़ी के मीटिंग हाल में लॉ स्टूडेंट्स व पुलिस कर्मचारियों के साथ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रहम जीत ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कानून प्रवर्तन में उत्कृष्टता और सत्य निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता को कायम रखना था। कार्यक्रम में कानूनों के लागू होने तथा क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान पुराने कानूनों की जगह लागू होने जा रहे नए कानूनों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान साइबर थाना प्रभारी द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित लॉ स्टूडेंट्स तथा पुलिस कर्मचारियों को कानून के अंतर्गत कार्य करते हुए लोगों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका के बारे में बताते हुए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर से डॉ हेमन्त व 3 लॉ स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

# प्रोडिजी स्कूल में माताओं ने जमाया रंग




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** सैक्टर चार स्थित जैन पब्लिक स्कूल की शाखा प्रोडिजी स्कूल में मातृदिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माँ बेटी के नृत्य में लूंगी डांस करके निखा व कौया अव्वल रही, तो रैंप वाक में सोनम व कार्ड मेकिंग में सलोनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि श्रीमती वीना जैन, रुचि जैन, मंजू जैन, रजनी जैन, पलका जैन, मोनिका जैन, प्रिया जैन, ईशा जैन व भव्या जैन ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीपार्चन किया। प्रधानाचार्य सोनल छाबड़ा ने मातृदिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी का शाब्दिक अभिनंदन किया। इसके बाद माताओं ने अपनी प्रतिभा का रंग जमाकर सभी को भावविभोर कर दिया। प्रतियोगिता मे- माँ मेरी माँ, प्यारी माँ मम्मा, मिसरी सी मीठी बातां तेरी, माँ मैं तेरी लाडली, लूंगी डांस गीतों पर नृत्य करके रंग जमाया।

नृत्य प्रतियोगिता मे लव्यम व उसकी माता ने दूसरा, प्राशी व उसकी माता शिल्पा ने तीसरा स्थान पाया। रैंप वॉक मे प्रगति व कँवलजीत दूसरे तथा नेहा व सारिका तीसरे स्थान पर रही। कार्ड मेकिंग में सारिका ने दूसर व इदू तीसरे स्थान पर रही। प्रोडिजी स्कूल प्रभारी प्रोमिला शर्मा के मार्गदर्शन मे माताओं के लिए आकर्षक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। उप प्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने सभी का आभार जताते शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की। संचालन रूबी मैडम ने किया।





